दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 120 मुरादाबाद 26 August 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जाट नेता भूपेंद्र चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष, पश्चिमी यूपी में बीजेपी की सफलता का मिला इनाम



प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधान परिषद सदस्य और जाट नेता चौधरी भूपेन्द्र सिंह अब स्वतंत्र देव सिंह की जगह लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश ( जेपी ) नड्डा ने गुरुवार को भूपेन्द्र सिंह को भाजपा उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। भूपेन्द्र सिंह को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने बुधवार को नई दिल्ली बुलाया था। इसके बाद से ही उनके इस पद पर आसीन होने की अटकलें लगने लगी थीं।भपेन्द्र सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही रुहेलखंड क्षेत्र की राजनीति में काफी सक्रिय हैं। इन्होंने 1989 में भाजपा सदस्यता ली थी। इसके बाद से ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में लगे रहे। धीर-गंभीर स्वाभाव के भूपेन्द्र सिंह का विवादों से कोई नाता नहीं है। पार्टी लाइन पर चलने वाले चौधरी भूपेन्द्र सिंह को भाजपा के थिंक टैंक माने जाने वाले अमित शाह का करीबी माना जाता है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के बारे में जानें

भूपेंद्र सिंह का जन्म मुरादाबाद की कांठ तहसील के गांव महेंद्री सिकंदरपुर में तीन जून, 1967 को किसान परिवार में हुआ प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल से हुई। 12वीं तक पढ़ाई उन्होंने आरएन इंटर कालेज मुरादाबाद में की बीए प्रथम वर्ष हिंदू कालेज मुरादाबाद से की राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989-90 में भाजपा से जुड़े। इस दौरान कई बार जेल भी गए 1993 में भाजपा जिला कार्य समिति में सदस्य बनाए गए 1994 में जिला कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष बने और फिर 1995 में जिला महामंत्री 1996 से 2000 तक भाजपा मुरादाबाद जिलाध्यक्ष रहे 1999 में सम्भल संसदीय सीट से मुलायम सिंह के मुकाबले चुनाव लड़े, हालांकि जीत नहीं सके। 2000 में विभाग संयोजक और 2007 में क्षेत्रीय मंत्री बनाए गए 2009 में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुरादाबाद पश्चिम विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ा, पर जीत नहीं पाए। 2010 से 2018 तक वह चार बार क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे। 2016 में उन्हें विधान परिषद भेजा गया, छह जुलाई,2022 को कार्यकाल पूरा होने पर दोबारा विधा्नपरिषद निर्वाचित हुए। 2017 के चुनाव में उनके नेतृत्व में पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन किया 2017 में योगी सरकार बनने पर पर पंचायती राज राज्य मंत्री बनाए गए। 2019 में इसी विभाग के कैबिनेट मंत्री बने। मौजूदा सरकार में भी वह पंचायती राजमंत्री हैं वर्ष 2017 में पहले-पहल योगी सरकार में पंचायती राज विभाग के राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) बने थे। इसके साथ ही वह लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री भी थे। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद चौधरी को प्रमोट कर पंचायती राज विभाग का ही कैबिनेट मंत्री बनाया गया। चौधरी उन गिने-चुने मंत्रियों में हैं जो योगी सरकार 2.0 में भी पंचायती राज विभाग के ही फिर कैबिनेट मंत्री बने। चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता के रूप में भी काफी काम किया है।

## अखिलेश यादव ने शेयर किया BJP विधायक का वीडियो, दावा- थानों में वसूली का धंधा खुलेआम



लखनऊ- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर करके यूपी सरकार से बुलडोजर के बारे में पूछा है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जो बीजेपी विधायक का है। उन्होंने वीडियो में विधायक के दिए बयान पर टिप्पणी की और योगी सरकार के भ्रष्टाचारियों और अपराधियों पर हो रहे बुलडोजर एक्शन पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर वीडियो ट्वीट करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा, अब तो भाजपा के विधायक सरेआम स्वीकार रहे हैं कि उनके राज में थानों में वसूली का धंधा खुलेआम जारी है। अब बुलडोज़र कहाँ है? दरअसल, इस वीडियो में बीजेपी विधायक एक कुर्सी पर बैठे हैं और आस-पास लोग खड़े हैं। साथ ही उनके आस-पास यूपी पुलिस के कुछ अधिकारी खड़े हैं जिनसे विधायक बात कर रहे हैं। वीडियो में सुन सकते हैं कि विधायक यूपी पुलिस के अधिकारियों से कह रहे हैं यहां तमाम लोग खड़े हैं जिनसे आप पैसा ले चुके हैं। इसी बयान को आधार बनाकर अखिलेश ने बीजेपी और योगी सरकार के बुलडोजर एक्शन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने विधायक के बयान पर दावा किया है कि बीजेपी ने सरेआम धांधली और भ्रष्टाचार की बात स्वीकार की है।

इसी आधार पर उन्होंने योगी सरकार से सवालिया लहजे में निशाना साधते हुए पूछा है कि उनके बुलडोजर अब एक्शन लेने के लिए कहां हैं? गौरतलब हो कि बुलडोजर अब यूपी की राजनीति में एक प्रमुख स्थान पा चुका है। राज्य में अपराधियों और माफियाओं की अवैध संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए यूपी की योगी सरकार द्वारा बुलडोजर से संपत्तियों को गिराने पर सीएम आदित्यनाथ को इस साल की शुरुआत में बुलडोजर बाबा करार दिया गया था। इसी के बाद बुलडोजर अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने के रूप में माना जा रहा है।

## गणेश चतुर्थी के लिए यूपी के संभल में सोने से बन रही गणपति की 18 फीट लंबी मूर्ति




उत्तर प्रदेश के संभल में इस बार गणेश चतुर्थी पर आपको भगवान गणेश की अद्भुत प्रतिमा देखने को मिलेगी जिसे सोने से बनाया जा रहा है। संभल स्थित चंदौसी में भगवान गणेश की मूर्ति में लगभग 40-50ग्र सोने का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा मूर्ति को बनाने में बाकी धातुओं का इस्तेमाल किया जाएगा। अनुमान है कि इस मूर्ति को बनाने में करोड़ों रुपये का खर्च आएगा। गौरतलब है कि हर साल संभल के चंदौसी में भगवान गणेश का मेला लगता है। गणेश चतुर्थी से 15 दिन पहले ही चंदौसी में मेला लगता है। इस दौरान भगवान गणेश की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। गणपति बाप्पा की झांकी को देखने के लिए संभल ही नहीं बल्कि आसपास के जिले से भी हजारों श्रद्धालु चंदौसी आते हैं। हालांकि पिछले दो सालों से इस मेले का आयोजन नहीं हुआ और ना ही रथ यात्रा निकली लेकिन इस बार मेले का आयोजन हो रहा है और इसको लेकर भक्तों में जबर्दस्त उत्साह का माहौल है। इस साल गणेश चतुर्थी 31 अगस्त को है। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमा घर में स्थापित की जाती है। कहा जाता है कि भगवान गणेश दस दिन के लिए मेहमान बनकर आते हैं और आपके जीवन के सभी कष्ट हरकर अपने साथ ले जाते हैं। इसलिए भगवान गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है क्योंकि भगवान गणेश सभी तरह के संकट को हर लेते हैं।

## कानपुर में मजदूरी मांगने पर मिली लाठियां, महिलाओं ने मजदूर को लाठी-डंडो से पीटा

सोशल मीडिया पर इन दिनों मारपीट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। यूपी के कानपुर से एक और मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक मजदूर की पिटाई की जा रही है। मजदूर को लोग पीट रहे हैं वह युवक ने बल्कि महिला है। बताते हैं कि मजदूर ने अपनी मजदरी मांगी थी, जिस पर महिला का पारा चढ़ गया और लाठी निकाल लाई। इसके बाद मजदूर पर लाठियों की बरसात कर दी। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बीहूपुर गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला अपने हाथों में लाठी लिए मजदूर को पीटते हुए दिखाई दे रही है। वहीं एक किशोरी महिला को रोक रही है लेकिन महिला ने किशोरी कि एक न सुनी। जिस समय महिला मजदूर को लाठी से पीट रही थी, तभी एक युवक उसका पैर पकड़कर अपनी ओर खींच रहा था। मजदूर वीडियो में अपनी जान की दुहाई देते हुए भी नजर आ रहा है, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। मजदूर की पिटाई होता देख कर कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। घाटमपुर थानाध्यक्ष रामबाबू ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM

# युवा कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तरीय खेल कूद का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय ओपन ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा श्रावस्ती में आयोजित किया गया , कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी श्रावस्ती के द्वारा फीता काटकर उदघाटन किया गया इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ जनपद श्रावस्ती पूर्व जिला कमांडेंट श्रावस्ती आर एल पांडेय सोहन लाल यादव बाबूराम पाठक ब्लाक कमांडर जमुनहा रामेशवर प्रसाद शुक्ला ब्लॉक कमांडर हरिहरपुर रानी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जमुनहा अतुल कुमार बुद्धि लाल मिश्रा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी गण एवं पीआरडी के जवान उपस्थित रहे कार्यक्रम जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी श्रावस्ती के कृष्ण स्वरूप मिश्र के नेतृत्व में कराया जा रहा है ।100 मीटर बालिका वर्ग में सुशीला राणा प्रथम पूजा द्वितीय





नेहा आर्य तृतीय स्थान पर रही
400 मीटर दौड़ में रुचि देवी प्रथम सुहाना बानो द्वितीय लक्ष्मी पाठक तृतीय स्थान पर रही 800 मीटर दौड़ में रानी पाठक प्रथम अंशु मौर्य द्वितीय रुचि देवी तृतीय स्थान पर रही 1500 मीटर दौड़ रानी पाठक प्रथम अंशु मौर्य द्वितीय रेनू यादव तृतीय स्थान पर रही
400 मीटर दौड़ में बालक पर विजय चौहान प्रथम गौतम राणा द्वितीय मुकेश तृतीय स्थान पर है लंबी कूद बालिका वर्ग जुबेदा प्रथम रवीना राणा द्वितीय सुशीला राणा तृतीय स्थान पर रही गोला फेक बालिका वर्ग जुबेदा प्रथम ममता द्वितीय स्थान मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग जुबेदा प्रथम ममता द्वितीय स्थान सुशीला राणा तृतीय स्थान
वालीबाल बालिका वर्ग विकासखंड इकौना प्रथम हरिहरपुर रानी तृतीय स्थान पर रही तथा पुरस्कार वितरण उपनिदेशक युवाकल्याण जोन गोरखपुर अजय कुमार त्रिबेदी । विधायक प्रतिनिधि अवधेश कुमार पांडेय श्रावस्ती व युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी श्रावस्ती कृष्ण स्वरूप मिश्र के द्वारा पुरस्कार वितरण विजय प्रतिभागियों को किया गया उपनिदेशक निखिल की सराहना करते हुए बता कि हमारे विभाग द्वारा ग्रामीण खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अच्छे खिलाड़ी को खोज कर जिले स्तर से प्रदेश स्तर तक खेल में प्रतिभाग करते हैं और अच्छा प्रदर्शन करके गोल्ड मेडल जीते हैं इसलिए खेल प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रामीण अंचलों पर खेल मैदान व अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं विधायक प्रतिनिधि अवधेश कुमार पांडेय ने बताया की हमारे जनपद के रामपुर गांव के बालिका ने प्रदेश स्तर पर कांस्य पदक भी जीता है ऐसे हमारे जिले का नाम रोसन करेगे अपेक्षा है की प्रत्येक गांव के खिलाड़ी लोग प्रदेश स्तर तक खेल कर जिले का नाम रोशन करेंगे ।

## 255 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय हमराह व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त प्रमोद बहेलिया ठाकुर पुत्र मोचन निवासी बासगढ़ी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 02 बोरी में कुल 255 शीशी अवैध नेपाली शराब ( 165 शीशी कर्माली शौफी प्रत्येक मे 300 एमएल,15 शीशी प्रत्येक मे 300 एमएल कर्णाली गोल्ड,30 शीशी प्रत्येक मे 300 एमएल कर्णाली लीची,30 शीशी प्रत्यके मे 300 एमएल



कर्णाली ब्लू, 15 शीशी प्रत्यके मे 300 एमएल कर्णाली ब्लू सुपीरियर ) शराब के साथ तिकोनी तिराहे से बन्धारोड लक्ष्मनपुर कोठी आने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 391/2022 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया।

## प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर श्री एस0 आनन्द के निर्देशन मे रोकथाम अपराध, संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग, व वांछित वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहाँपुर श्री संजीव कुमार वाजपेयी के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी पुवायां श्री पंकज पंत के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार के नेतृत्व मे थाना खुटार पुलिस द्वारा दिनांक 24.08.2022 को समय करीब 10.15 बजे के आस पास महोलिया मोड से महोलिया सडक पर करीब 10 कदम दूरी पे अभियुक्त राज देवेन्द्र पुत्र पृथ्वीराज निवासी रुरा थाना खुटार जिला शाहजहांपुर के कब्जे से कुल 197 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए गए बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 442/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राम भक्त हनुमान बालाजी मेरे घर आना भजनों पर झूमे भक्त



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार शाहजहांपुर। बुधवार की रात नगर के मोहल्ला बजरिया में मोहल्ले वालों द्वारा कराए गए जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा बाबा के भजनों का गुणगान किया गया, जागरण में भाजयुमो नेता विजय शंकर अवस्थी %सोनू% अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए और भजनों का आनंद लिया। इस दौरान मौके पर उनके साथ पूर्व चेयरमैन गुड्डी गुप्ता के पुत्र विपिन गुप्ता, सोनू मिश्रा, विदुर गुप्ता, काके श्रीवास्तव आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## युवक पर पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- मामूली कहासुनी पर एक युवक पर पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाने का मामला सामने आया है। नवीन मार्डन पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना कोठार निवासी नीरज कुमार पांडे पुत्र राजित राम पांडे का आरोप है कि विपक्षी छन्नू तिवारी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में विपक्षी छन्नू तिवारी ने उसका मोबाइल छीन लिया और छन्नू तिवारी ने फोन करके उसे बुलाया कि अपना मोबाइल फोन ले जाओ। नीरज जब मोबाइल लेने के लिए छन्नू की दुकान पर गया तो छन्नू तिवारी के छोटे भाई नानबाबू तिवारी पुत्र महंत तिवारी ने उसपर पेट्रोल डालकर माचिस जला दिया। नीरज के हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों ने दौड़ कर आग बुझा कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। इस सन्दर्भ में नीरज ने बताया कि स्थानीय थाने पर तहरीर दे दी गई है। वहीं घटना की जानकारी होते हीं पुलिस मामले की सच्चाई जांचने में जुट गई है।

## आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष ने कन्या जूनियर स्कूल का किया निरीक्षण




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने मोहल्ला सरोजनी नगर में कन्या जूनियर स्कूल का निरीक्षण किया स्कूल में हो रही जलभराव की समस्या का निस्तारण किए जाने को कहा और कहा जल्द से जल्द मिटटी डलवा कर समस्या का समाधान किया जाएगा,जिससे कि मोहल्ले वालों को एवं स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में कोई दिक्कत ना हो, हल्की बारिश होने पर भी विद्यालय परिसर में जलभराव हो जाता है जिससे स्कूल आने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है विद्यालय परिसर में जलभराव होने के कारण आसपास गंदगी फैली रहती है,जिस पर आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने निरीक्षण कर नगर पंचायत कर्मचारियों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराए जाने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद उन्होंने नगर के मोहल्ला नौगंवा कोट में हो रहे नाला निर्माण का निरीक्षण किया और ठेकेदार को मानक के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा,इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अनिल सिंह, व अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सभी जिलाधिकारी जनपदों में संचालित विकास परियोजनाओं का प्रभावी फील्ड पर्यवेक्षण एवं सतत् मानीटरिंग सुनिश्चित करें-कमिश्नर



मुरादाबाद -आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आज कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शासकीय प्राथमिकता कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने एवं खराब प्रगति से संबंधित अधिकारियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए मण्डल के सभी अधिकारीगण को शासन की मंशा के अनुरुप फील्ड में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। मंडलीय समीक्षा बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा समीक्षा में पाया गया कि जनपद बिजनौर के जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों की तैनाती की गई है इस तथ्य के प्रकाश में आने पर मंडलायुक्त ने विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए और मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर से अपेक्षा की गई की सुसंगत शासनादेशों के आलोक में व अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही एवं निलम्बन की संस्तुति शासन को प्रेषित करे। मण्डलायुक्त द्वारा मंडल के जनपदों में गिरते हुए जल स्तर को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समीक्षा बैठक में समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तालाबों को अपने मूल स्वरूप में वापस लाए जाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की जाए। आयुक्त द्वारा जल के अति दोहन पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया । मण्डल में पंचायत घर सामुदायिक शौचालय तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन का अभाव होने तथा इस कारण पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय सही प्रकार से क्रियाशील नहीं होने पर मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया की अभियान चलाकर ग्राम पंचायत से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर विद्युत कनेक्शन दिए जाने की कार्रवाई शीर्ष प्राथमिकता पर की जाए। मण्डलायुक्त ने कृषकों की आय बढ़ाने के लिए अधिकारियों से यह अपेक्षा की कि समन्वित कृषि नीति पर कार्य किया जाए इसके लिए आवश्यक है कि उद्यान विभाग कृषि विभाग मत्स्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करें ताकि एफपीओ का कार्य मजबूती के साथ अपनी जड़ें पकड़ सके। आयुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड पर ऐसी जगह चिन्हित की जाये जहां एस0 एच0 जी0 और एफपीओ के उत्पादन प्रदर्शित किये जा सके ।

मण्डलायुक्त द्वारा स्वास्थ विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि गोल्डन कार्ड अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में कार्ड पात्र लोगों को दिए जाएं तथा इस कार्यक्रम में जनपद बिजनौर तथा मुरादाबाद की स्थिति सुधार योग्य पाई गई । मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भी जनपद मुरादाबाद की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर आयुक्त ने योजना का क्रियान्वयन ठीक प्रकार से करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने सामुदायिक शौचालय की समीक्षा में पाया गया की बड़ी संख्या में शौचालयों का निर्माण किया गया है परंतु रखरखाव पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। जनपद अमरोहा के मुख्य विकास अधिकारी श्री चंद्रशेखर शुक्ला प्रगति विवरण समुचित रूप से प्रस्तुत नहीं कर सके, इस पर उन्हें कारण बताओं नोटिस देने का निर्देश दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के अंतर्गत निर्देश दिए गए कि विगत वर्षों के पूर्ण आवास का विशेष अभियान चलाकर सत्यापन किया जाए ताकि अपूर्ण आवासों को चिन्हित कर उन्हें पूर्ण किया जा सके। नरेगा योजना की समीक्षा में यह पाया गया कि जनपद मुरादाबाद के डिलारी विकासखंड द्वारा बड़ी मात्रा में सीसी रोड व सीसी टाइल्स पर भुगतान किया गया है जबकि पंचायत भवनों का भुगतान अभी होना शेष है। यह कार्य शासन की नीति के अनुरूप नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में जनपद बिजनौर की प्रगति अच्छी नहीं होने पर आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह तत्काल निर्माण कार्य को पूर्ण करें।। से मिड-डे-मील नही बनने की शिकायत पर बी0एस0ए0 को मौके पर पहुंचकर देखने के निर्देश दिये हैं।।युक्त ने मण्डल के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण का ग्राफ गिरने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता निचले स्तर पर बनाये रखें। जननी सुरक्षा योजना में मुरादाबाद द्वारा अन्य जनपदों से कम भुगतान करने पर तथा संस्थागत प्रसव में भी स्थिति खराब होने पर आयुक्त ने ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। गोल्डन कार्ड में मुरादाबाद, बिजनौर एवं रामपुर को तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधूरे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्यों को प्रारम्भ कर समय से हैण्डओवर करने के निर्देश दिये हैं। अधिकांश पंचायत भवनों में विद्युत कनेक्शन नही होने पर आयुक्त ने विद्युत विभाग को विद्युत कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिये हैं।

## पोषण पाठशाला कुपोषण के खिलाफ जंग में अनूठी पहल-डीएम



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि कुपोषण के खिलाफ जंग में प्रदेश सरकार की अनूठी पहल पोषण पाठशाला पोषण अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वह कुपोषण से प्रदेश को मुक्ति दिलाने हेतु पोषण पाठशाला का आयोजन प्रदेश सरकार की अनूठी पहल है उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह एक टीम को लेकर प्रदेश भर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पाठ शालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन एनआईसी के माध्यम से प्रदेशभर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका संघ न्यू मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं लाभार्थियों के साथ पोषण संबंधी विषयों पर विषय विशेषज्ञों के विचार सुने जाते हैं गत 3 माह में स्तनपान के विभिन्न पहलुओं पर पोषण पाठशाला में चर्चा की गई तथा आज प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य पोषण पाठशाला का 11:00 बजे से 1:00 बजे तक 2 घंटे के लिए आयोजन किया गया जिसका थीम सही समय पर ऊपरी आहार एवं इस पाठशाला की विशेषता है कि इसमें आम जनमानस भी प्रतिभाग कर सकते हैं आज गुरुवार को आयोजित इस 2 घंटे की पाठशाला में ऊपरी आहार की महत्ता 6 माह के बाद ऊपरी आहार और स्तनपान दोनों के प्राप्त होने से मिलने वाली ऊर्जा प्रोटीन का महत्व बच्चों को दिए जाने वाले आहार की गुणवत्ता उसकी बारंबारता और ऊपरी आहार शुरू करने का सही समय एवं चुनौतियां आदि विषयों पर चर्चा की गयी तथा लाभार्थी द्वारा अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्न पूछ कर समाधान किया गया जीवन के सुनहरे 1000 दिनों की जब बात करते हैं तब यह ऊपरी आहार का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यदि बचपन में मां के दूध के साथ सही समय पर ऊपरी आहार ना हो पाए तो बच्चे का विकास अवरुद्ध हो जाता है जिसका प्रभाव जीवन पर्यंत बना रहता है इसलिए आवश्यक है की आम जनमानस तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि 6 माह तक केवल मां का दूध दिए जाने के उपरांत बच्चे की प्रारंभिक 2 वर्ष तक मां के दूध के साथ पर्याप्त मात्रा में ऊपरी आहार प्रारंभ किया जाए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुपमा शांडिल्य ने अवगत कराया कि यह एक छोटा सा किंतु बहुत महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है फंटलाइन वर्कर्स द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर, गृह भ्रमण के माध्यम से, गांव स्तर पर पोषण पाठशाला आयोजित कर परिवर्तन किया जा सकता है समय पर ऊपरी आहार प्रारंभ ने किए जाने पर बच्चा कुपोषण का शिकार हो जाता है जिसमें नाटक जिसे स्टंटिंग कहते हैं का शिकार बच्चा हो सकता है इस प्रकार कीपोषण पाठशाला से व्यवहार परिवर्तन में आमूलचूल परिवर्तन आएगा और समाज में जन्म के 6 माह के उपरांत ऊपरी आहार प्रारंभ करने संबंधी भ्रांतियां दूर होंगी और विषय के प्रति जानकारी बढ़ेगी जिससे स्वास्थ्य सूचकांकों में परिवर्तन आएगा और कुपोषण की समस्या काप्रारंभिक स्तर पर ही प्रबंधन हो सकेगा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनुपमा शांडिल्य ने सभी जनपद वासियों से अपील की है की नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर इस पाठशाला से जुड़े व विषय के संबंध में सटीक तथा महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें। सभी परियोजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी वह मुख्य सेविका आएं सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर इन 5 सालों में अधिक से अधिक लाभार्थियों के साथ प्रतिभाग किया जाए मुख्य सेविका ए सीडीपीओ जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ एनआईसी में उपस्थित होकर पोषण पाठशाला में प्रतिभाग करेंगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Result of raid

On Wednesday, the activism of central investigative agencies from Bihar, Jharkhand to Gurugram has caught everyone's attention. While the agencies are doing their job, the political aspect of this entire exercise is also very much in the discussion. The meaning of the raid is being searched. It is being told that CBI has raided various places of Rashtriya Janata Dal Legislative Council member Sunil Singh, MP Fayaz Ahmed, MP Ashfaq, former Legislative Council member Subodh Rai in Patna in lieu of job in Railways.

Sunil Singh has been counted among the close leaders of Lalu Prasad Yadav. This case is old, when Lalu Yadav used to be the Railway Minister at the Centre, then he was accused of taking land in exchange for a job. CBI raids may seem new at this time, but this case is very old. Now the discussion became serious because the day the new government of Bihar had to prove its majority, the raids took place on the same day. Apart from Patna, Katihar, Madhubani, raids in Delhi, Gurugram will remain in discussion in the coming days and will keep politics hot. On the other hand, the ED is active in the Jharkhand mining scam. The raids were conducted after questioning of Chief Minister Hemant Soren's representative and MLA Pankaj Mishra. Overall, a long list can be made of the activities of central agencies in the country.

It is difficult to say how successful the new activity will be in the old cases. But if there is any wrongdoing or crime has been committed, then the investigating agencies should carry out the investigation without wasting any time. Many a times it is realized that there are political reasons behind the half-action of agencies, so some cases are left out or left out, which leaves room to harass opponents at any time. This is not a good thing for a country with a democratic and established rule of law. Investigating agencies should work above politics, so that if someone is guilty, then there is no delay in getting the punishment. As far as the misuse of agencies is concerned, the consequences of any wrong practice will have to be borne by everyone. Consider, the Rashtriya Janata Dal has clearly alleged that the central agencies are working as partners of the BJP. Now it is a matter of credibility of the agencies, they will have to make their own backs clear. Keep in mind, once the raids of central agencies were of great importance, only after very sure agencies carried out the raids and then irrefutable evidence came in hand. Now there is also a apprehension that the fear of the central agencies may get out of the heart of corrupt politicians. Therefore, it is necessary that agencies should be governed by truth and evidence. It is no secret that there is sometimes corruption in giving jobs and complaints are often covered up. Now with the new activity of CBI, the expectation has increased that now when jobs are given in the states, there will be no corruption in them. Learning from an old mistake is also growth.

# Esha Gupta was bold on the bed wearing a revealing deep neck dress, watching the video 'Baba Nirala'

Bollywood actress Esha Gupta has come into the limelight with the web series 'Ashram'. In the third season of 'Ashram', the actress is seen in the role of Shsonia. After being a part of this controversial and popular web series, Isha is constantly seen doing bold photoshoots. Isha has once again set the internet on fire with her hotness. A video of Isha is becoming increasingly discussed on the Internet. In this video, his hot style is making fans crazy. This video of him is being seen repeatedly on social media. Esha's boldness set the internet on fire - Esha Gupta has worked in many big films in her career. Along with acting, Isha is also very active on social media. She often keeps posting her hot and bold pictures and videos. Meanwhile, Isha has posted a video of herself. In this video you can see that Isha is wearing a revealing and deep neck dress beyond the limits of white color. Isha has done an eye pony with this dress. At the same time, Isha is wearing high heels with this Thai slit gown. During this, Isha is making fans crazy with her killer looks. Wearing this dress, Isha is seen walking. At the same time, the fans are seen giving their reactions by commenting on it. The video is being seen time and again - This Thai high slit dress of Isha has been in great discussion among the fans. Fans are very fond of this video of Isha. At the same time, by commenting on this, users are constantly giving their feedback. Let us tell you that by commenting on this video, users are telling Isha Hot, Bold, Beautiful, Gorgeous and Fire. This video is being seen repeatedly on social media.



# Shahrukh Khan had told the advantages of being Boycott, people said – vanity will break

An audience of Hindi cinema is annoyed by Bollywood films and actors. Every other film starts boycotting on social media. Meanwhile, an old video of Shahrukh Khan is going viral. Shahrukh has spoken on the boycott of films in this. The interesting thing is that he has told the advantages of Boycott of films. At the same time it has also been said that he has got a lot of love in India. Shahrukh Khan had also said that those who are happy doing Boycott are happy because of us. Said - It is good to see old and new reactions of many actors on Boycott-Boycott. Meanwhile, a video of Shahrukh Khan is viral. In this, Shahrukh is talking to her on Komal Nahta's show. Shahrukh Khan said, sometimes it is good. If the picture does not play that much, then it remains excuse but because the boycott happened, it did not work. To amuse Ghalib Khayal is good that the film was good but did not work due to social boycott. It was said that it will not affect the film - soft speak on this, that wind was there, the fear of it is completely over now? On this Shahrukh says, to be honest, I am not speaking big words, I am not going to shake the air. The bushes are shaken by the wind. I will say with respect, someone will be the issue, there was some comment, someone made it. Those people will be happy that shook, they are happy because of us. In this country, in India, as much as I am loved, I can say on a sting that very few people are loved. Whether that love with one thing or one or two things... People understand right and wrong. I don't think it has or will ever affect me or my film."People are trolling on this video too- Although on this viral video also some people are writing against Shahrukh. One user has written, many times its pride is broken, it will break even further. Let us tell you that this video is from the time when a section was angered by Shahrukh Khan's statement on intolerance.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अनिश्चितकालीन हड़ताल का चौथा दिन हड़तालियों के तेवर बरकरार

**23 जिलों में न्यायालय का कामकाज भी प्रभावित कर्मचारियों ने निकाली न्याय महारैली**

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-- छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज चौथा दिन है। प्रति दिन हड़ताल को समर्थन देने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है । कई संगठनों ने प्रांतीय प्रमुखों के आदेशों को दरकिनार करते हुए हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया है। राज्य के लाखों कर्मचारी अधिकारी अपनी 2 सूत्रीय मांग केंद्र सरकार के अनुसार देय दिनांक से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता व सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता देने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर है । जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने कहा कि फेडरेशन के आह्वान पर जिला एवं ब्लाक तहसील मुख्यालय में कर्मचारी हड़ताल पर है। साथ ही न्यायलीन कर्मचारी संघ एवं प्रदेश के तहसीलदार, नायब तहसीलदार के हड़ताल में होने के कारण जिला न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में सारे काम ठप हो गए हैं। शुरुआत में शिक्षकों में कुछ भ्रम की स्थिति थी लेकिन जैसे-जैसे स्थिति







स्पष्ट होती जा रही है वैसे वैसे शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है।सभी अपनी इच्छा से अपने अधिकार की लड़ाई में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज चौथा दिन पूरे प्रदेश के सभी ब्लाकों सहित जिला मुख्यालय में कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में मशाल महारैली निकालकर सरकार से न्याय की मांग की। साथ ही सरकार से अपील की गई कि सरकार हमारी मांगों पर अगर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो हड़ताल अनवरत जारी रहेगी।

## गांव वालो ने जान जोखिम में डालकर कर रहे आवागवन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -ओड़गी -धरसेडी ( पहाड़ पारा ) की रास्ता की हालत बेहाल जिससे मुहल्ले वालो की आवागवान हुआ ठप जिसको सरपंच,सचिव देखते हुवे अनदेखी कर रहे हैं इस रास्ते की हालत को देखते हुए किसी दिन अनहोनी होनी आसंका जाता रही है जिससे गांव वालो ने जान जोखिम में डालकर कर रहे आवागवन अगर बरसात के दिन में किसी की तबियत खराब होने पर एंबुलेस मरीज के घर तक नहीं पहुंच पाता

## ग्राम पंचायत सपहा जहां किसी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नही जाता

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -जिले के दूरश्थ चांदनी बिहार पुर मे एक ऐसा भी गांव है ग्राम पंचायत सपहा जहां किसी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नही जाता है। इस गांव में जो कर्मचारी या जन प्रतिनिधि रहते हैं उनका जो इच्छा करता है वो करते हैं अभी तत्कालीन मसला था मध्यान्ह भोजन जो कि अब मील रहा है। उससे पहले की समस्या हैआवा गमन अवरुद्ध करने की। ग्राम पंचायत सपहा के पंचायत भवन से पटेल पारा होते हुए अटल चौक तक मिट्टी मुरम सड़क पिछले पंचवर्षी में हुआ था। वर्तमान सरपंच श्री बाबुसिंह उस सड़क में पुलिया निर्माण बता कर गड्ढा खोदवा दिये हैं और इस तरह से पिछले कई बार गड्ढा खोदवा चुके हैं। गड्ढा खोदवा कर दो महीने तक छोड़ देते हैं इसके बाद जेसीबी मशीन लगा कर पटवा देते हैं। जबकि आंगनबाड़ी भवन, प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय के बच्चे उसी सड़क से आना जाना करते हैं और उचित मूल्य दूकान से खाद्यान्न भी उसी सड़क से लेकर आते हैं तथा पंचायत भवन भी उसी रोड में है।

## मेरी शादी नहीं हुई है, मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं...महिला से संबंध बनाने वाला इंस्पेक्टर सस्पेंड, दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

शादी कर साथ रखने का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी इंस्पेक्टर इज्जतनगर क्राइम क्रांतिवीर सिंह को एसएसपी ने सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ कैंट थाने में दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया है। शाहजहांपुर कोतवाली इलाके की महिला ने सोमवार को आईजी से शिकायत की थी। युवती ने बताया कि उसका पहले पति से एक मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। इस संबंध में उसने कोतवाली शाहजहांपुर में शिकायत की थी। कोतवाली में तैनात तत्कालीन दरोगा क्रांतिवीर सिंह ने मामले की जांच की। जांच में दरोगा ने महिला के साथ काफी हमदर्दी दिखाई। दरोगा महिला से बोला, 'मेरी शादी नहीं हुई है। मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं।'

महिला दरोगा के झांसे में आ गई। उसने कहा कि पहले पति से तलाक के बाद वह उससे शादी कर लेगी। शादी का झांसा देकर इंस्पेक्टर ने महिला के साथ संबंध बनाए। 24 फरवरी 2021 को बरेली कचहरी में शादी का प्रमाण पत्र तैयार कराया। दो दिन तक अपने कैंट स्थित आवास पर ले गया। वहां शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद साथ रखने से मना कर दिया। परेशान महिला ने इसकी शिकायत आईजी रेंज रमित शर्मा से की। आईजी ने एसएसपी को मामले की जांच कराकर आरोप सही होने पर एफआईआर दर्ज कर सात दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। इसी क्रम में एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज के आदेश पर कैंट थाने में इज्जतनगर के इंस्पेक्टर क्राइम क्रांतिवीर सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने इंस्पेक्टर क्रांतिवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है।

**शादीशुदा दरोगा के हैं दो बच्चे**

महिला को जब पता लगा कि आरोपी दरोगा पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं, तो उसने दरोगा से शिकायत की। कहा कि तुमने झूठ बोलकर शादी की है। आरोप है कि इसपर दरोगा भड़क गया। उसने कहा कि मेरे पास तेरे अश्लील वीडियो और फोटो है। उनको वायरल कर जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। जान से मारने की धमकी दी।

**दरोगा बोला- पुलिस कर्मी रच रहे साजिश**

इंस्पेक्टर क्राइम क्रांतिवीर सिंह ने कहा कि महिला का अपने ससुराल वालों से विवाद चल रहा था। उसके ससुराल पक्ष में एक व्यक्ति दरोगा है। महिला के आरोप सही होने पर शाहजहांपुर में चौकी इंचार्ज रहते कार्रवाई की थी। जिस वजह से पुलिस कर्मी नाराज हो गया था। अब महिला का उन लोगों से समझौता हो गया है। पुलिसकर्मी के इशारे पर महिला झूठे आरोप लगा रही है। आरोप गलत है। मेरा कोई लेना देना नहीं है। एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया, महिला की शिकायत पर कैंट थाने में इंस्पेक्टर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। उसके खिलाफ विभागीय जांच कराई जा रही है।

## ससुराल द्वारा पीड़ित की गई महिला मोमिना ने लगाई मुख्यमंत्री से इंसाफ की गुहार



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - थाना इज्जत नगर हवाई अड्डा बरेली का है मोमिना के पिता अफसर खान अपनी बेटी की शादी इमरान खान पुत्र इस्लाम खान अभयपुर थाना भोजीपुरा मुस्लिम रीति रिवाज के साथ सन 2015 बड़ी धूमधाम के साथ की थी लड़के पक्ष द्वारा पूरी मांगे की दहेज में मोटरसाइकिल सहित नगद राशि दी लड़के को विदेश भेजने के नाम पर लड़के पक्ष द्वारा लगातार पैसों की मांग बढ़ती गई जिस पर लड़की के पिता द्वारा पैसा दिया गया लड़का विदेश चला गया इमरान के पीछे लड़की पर के इमरान के परिवार ने मारपीट शुरू कर दी जिससे तंग आकर लड़की ने अपने माता-पिता से शिकायत की लड़की पक्ष द्वारा थाना भोजीपुरा में लड़के पर कई अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ लड़के पक्ष के परिजनों द्वारा लड़की पक्ष पर दबाव बनाने के बाद मुकदमा खारिज करा दिया लड़की के पिता का आरोप है

मेरी बेटी की शादी के बाद लगातार इमरान का परिवार पैसे की मांग को लेकर लड़की को अधिकतर पीड़ित करता है जिससे मेरी बेटी की मानसिक स्थिति काफी नाजुक है समाज में लड़की को लोग गिरि नजर से देखते हैं मोमिना अपने 5 साल के बेटे के साथ बड़ी कठिनाई से जीवन यापन कर रही है महिला अपने बच्चे सहित अपने ससुराल में रहना चाहती है लेकिन लड़के पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती है जिस पर लड़की अपने मायके में रहने लगी हर जगह से थक हार कर मोमिना ने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई

# अनुपम कांप्लैक्स: अदालत की शरण में पहुंचे पुराने आवंटी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नगर पालिका परिषद के प्रांगण में स्थित अनुपम कॉमर्शियल कांप्लेक्स में बनी 287 दुकानों का आवंटन शुरू कर दिया है। इसमें प्रीमियम एकमुश्त जमा कराया जाएगा। साथ ही चार माह का एडवांस जमा किया जाएगा। लेकिन लोगों का पैसा फंस सकता है। दरअसल, इसमें पूर्व के आवंटी नई प्रक्रिया को लेकर अदालत पहुंच गए हैं। नगर पालिका परिषद में बने अनुपम काम्प्लेक्स में कुल 287 दुकानें व हॉल हैं। भूतल पर 101, प्रथम तल पर 164 और द्वितीय तल पर चार दुकानें और 18 हॉल हैं। इसमें कुछ दुकानों व हॉल के पहले से आवंटन कर दिए गए हैं। करीब 16 दुकानें व हॉल के आवंटियों द्वारा प्रीमियम एकमुश्त जमा कर दिया गया

और साल 2021 तक का एडवांस जमा था। वहीं जिलाधिकारी ने पहले के सभी आवंटन रद्द कर दोबारा प्रक्रिया के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं यह भी आदेश जारी किए गए कि पहले के आवंटियों द्वारा जमा की गई धनराशि को शून्य माना जाए और दोबारा बोली में भाग लिया जाए। इस पर आवंटी ने सिविल कोर्ट में शरण ली है। वहीं 29 अगस्त को इस मामले में सुनवाई होगी

## स्कूल वैन को बीच रास्ते एआरटीओ ने पकड़ा, भयभीत बच्चे बोले नहीं जाएंगे स्कूल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मानकों के उल्लंघन को लेकर एक स्कूल वैन को एआरटीओ प्रवर्तन ने मंगलवार को पकड़ लिया। इस बीच चालक से नोकझोंक हुई तो उसको उतारकर एआरटीओ ने अपना चालक बैन में बैठा दिया और बच्चों को घर पहुंचाया गया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर वैन में बैठे बच्चे भयभीत हो गए। मौके पर वाक्या देख बच्चे इतने डर कि कहने लगे अब वैन से स्कूल नहीं जाएंगे।मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन अभिनव चौधरी अपनी टीम के साथ शहर में जीटी रोड पर चेकिंग कर रहे थे। सुबह नौ बजे के करीब एक मारूती वैन आठ छात्र-छात्राओं को ले जाती दिखी। एआरटीओ ने वैन को चेकिंग के लिए रोक लिया। इस दौरान वैन की फिटनेस समाप्त मिली। वहीं इसमें एलपीजी किट लगी थी, जो फिरोजाबाद से पास थी। वहीं वैन फिरोजाबाद एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत थी। मानक पूरे न मिलने पर चालक से नोंकझोंक हो गई। इस पर एआरटीओ ने वैन में अपने चालक को बैठा कर बच्चों को घर पहुंचाने के लिए कहा। जबकि वैन के चालक को पीछे बैठा दिया गया। घंटे भर देरी से बच्चे घर पहुंचे इसे लेकर अभिभावक भी परेशान हो गए। घर पहुंचकर बच्चों ने अभिभावकों से वैन द्वारा स्कूल जाने से मना कर दिया। बच्चों का कहना है कि पता नहीं किसने वैन को रोक लिया और शहर में घुमाता रहा।। बेटी वर्तिका कक्षा नौ की छात्रा है। वैन से अन्य बच्चों के साथ स्कूल जाती है। मंगलवार को वैन को रोका गया किसी अन्य चालक से वैन को चलवाया गया।

## दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 03 वर्ष कारावास एवं 30,000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से नाबालिग से छेड़छाड़ व दुष्कर्म की घटना के मामले में एक आरोपी को 03 वर्ष कारावास एवं 30,000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 24.08.2021 को अभियुक्त संदीप पुत्र कप्तान निवासी जमालपुर थाना जसरथपुर एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 87/20 धारा 354,504,506,376,511 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना जसरथपुर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज पोक्सो-2 एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 03वर्ष कारावास एवं ?30हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया!

## शिक्षा के मंदिर का हाल बेहाल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शिक्षा के मंदिर का हाल बेहाल ड्यूटी समय ऑफिस में सोती शिक्षिका, शौचालयों में लटके ताले, बच्चे बच्चियां खुले में शौच जाने को मजबूर मोटा वेतन लेने वाले जिम्मेदारों ने जिम्मेदारियों को रखा ताख पर, विभागीय अफसरों का आशीर्वाद अनिमितताओं की अनदेखी कर रहे शिक्षा विभाग के अधिकारी पूर्व में किये खुलासे से हुई आधी अधूरी जाँच,मात्र एमडीएम में सुधार बाकी सब चल रहा पुराने र्ढरे पर मारहरा रोड पीएसी प्राइमरी पाठशाला का मामला सूत्रों से मिली जानकारी

# तीन साल से बिना प्रयोगशाला के ही हो रहे प्रयोग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा में सुधार कैसे लाया जाएगा, जब शिक्षक और लैब ही नहीं हैं। बुधवार को सहायता प्राप्त विद्यालयों की पड़ताल की तो शहर में स्थित श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज में लैब ही नहीं पाई गई। बिना लैब के ही तीन साल से बच्चों के प्रैक्टिकल कराए जा रहे हैं और बच्चे पास भी किए जा रहे हैं। शहर के मोहल्ला प्रेमनगर स्थित श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज की स्थापना वर्ष 1952 को हुई थी। विद्यालय शिक्षा के मामले में काफी अच्छा रहा है लेकिन कुछ साल से प्रबंध कमेटी भंग हो जाने की वजह से व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई हैं। विद्यालय में हाईस्कूल विज्ञान वर्ग की मान्यता है। इस लिहाज से बच्चों के लिए लैब स्थापित की गई जो करीब तीन वर्ष पहले खंडहर होकर धराशाई हो चुकी है। लैब में रखा सामान तो दूसरे कक्षों में रख दिया गया लेकिन लैब का पुनर्निर्माण नहीं कराया जा सका। विद्यालय में शिक्षारत बच्चों को बिना लैब के ही प्रैक्टिकल करा दिए जाते हैं। विद्यालय के एक हिस्से में बना भवन भी क्षतिग्रस्त हो जाने की वजह से उपयोग में नहीं लिया जा रहा। जबकि लैब पूरी तरह से खत्म ही हो गई है। विद्यालय प्रधानाचार्य मुकेश कुमार जैन ने बताया कि लैब क्षतिग्रस्त होकर ध्वस्त हो गई है। तीन वर्ष से प्रबंध कमेटी भंग चल रही है, इसकी वजह से नई लैब का निर्माण कार्य नहीं हो सका है। कंप्यूटर कक्ष में सामान रख दिया गया है, यहां पर ही बच्चों को प्रैक्टिकल कराए जाते हैं। बिना लैब कैसे होती हैं प्रयोगात्मक परीक्षाएं सबसे बड़ा सवाल यह कि विद्यालय में जब लैब नहीं हैं तो बच्चों को प्रैक्टिकल करना कैसे सिखाया जा रहा है? वहीं बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कैसे संपन्न हो रहीं हैं? जबकि तीन वर्ष से अधिक समय लैब को खत्म हुए हो चुका है। बिना संसाधनों के प्रयोगात्मक परीक्षाएं कागजों पर कराई जा रहीं हैं और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार आंखें बंद करके बैठे हुए हैं।

## बाथरूम के बाहर महिला पुलिस कर्मी करती रही इंतजार, चकमा देकर भागी किशोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज में महिला पुलिस कर्मी और होमगार्ड को चकमा देकर बरामद की गई किशोरी महिला वन स्टॉप सेंटर से फरार हो गई। अब पुलिस उसकी फिर से बरामदगी के लिए सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। एएसपी ने किशोरी की बरामदगी के लिए थाना पुलिस सहित एसओजी व सर्विलांस टीम को सक्रिय किया है। वहीं मौके से किशोरी के फरार होने के मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। सहावर क्षेत्र के एक गांव से कुछ दिन पूर्व एक किशोरी को बहका कर अगवा कर लिया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसकी बरामदी के प्रयास शुरू किए।

मंगलवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद लिया। उसे बरामद किशोरी को वन स्टॉप सेंटर जिला अस्पताल पर रखा गया। उसके न्यायालय के समक्ष होने थे। बुधवार को उसकी निगरानी में तैनात महिला पुलिस कर्मी व होम गार्ड उसका मेडिकल कराने के लिए ले जा रहे थे। बताया गया है कि तभी किशोरी ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया। महिला पुलिस कर्मी और होमगार्ड उसके वापस आने का इंतजार करते रहे, लेकिन किशोरी वहां से फरार हो गई। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं लग सका। जानकारी सहावर पुलिस को दी। पुलिस विभाग में खलबली मच गई। कासगंज व सहावर पुलिस वन स्टॉप सेंटर पहुंच गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को भी देखा।

# अनदेखी : एक साल में तीसरी बार धंसा कैलाशगंज तिराहा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कैलाशगंज मार्ग तिराहा पर सीवर लाइन डालने के बाद जल निगम ने मरम्मत कराई, इसके बाद मार्ग धंस गया। बाद में जल निगम ने नए सिरे से डामरीकरण कर मार्ग बनवाया, लेकिन बरसात में इसमें भी जगह-जगह गड्ढे हो गए। तीसरी बार फिर सड़क धंसने लगी है। जिसके चलते यहां से चार पहिया वाहनों का निकलना बंद हो गया है। जल निगम ने तीन माह पहले जीटी रोड पर सीवर लाइन डालने के बाद डामरीकरण का काम किया था लेकिन बारिश ने किए गए कार्यों की पोल खोलकर रख दी है।

कैलाशगंज तिराहा स्थित जीटी रोड पर जहां से सीवर लाइन गुजर रही है, वहां बीचोंबीच सड़क धंस चुकी है। बीच जीटी रोड से कैलाशगंज मार्ग तक मिट्टी धंसने से चार पहिया वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। वहीं जल निगम ने यहां पर अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की है। सुरक्षा के मद्देनजर बैरीकेडिंग तक नहीं की गई है। इससे किसी भी वाहन में फंसकर हादसा होने का भय बना हुआ है। अन्य मार्गों की भी यही स्थिति समस्या केवल जीटी रोड पर ही नहीं, अन्य मार्गों पर भी है। सीवर लाइन डालने के बाद अक्सर सड़कें धंसती जा रही हैं। इसमें लोग निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। अभी पखवाड़ा भर पहले कचहरी रोड, रैवाड़ी मोहल्ले की सड़कें भी धंस गई थीं और उनमें वाहन फंस गए थे।